# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552

मो. 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com


पत्रांक : ...................

दिनांक : 28.01.2016

**प्रकाशनार्थ**

पूर्वांचल के युवाओं में असीम शक्ति एवं ऊर्जा है। जरूरत है उनको निखारने और दिशा देने की। विद्यार्थियों में कक्षाध्यापन के साथ–साथ उनमें चिन्तन और बौद्धिक दृष्टि पैदा करने का सशक्त माध्यम ऐसी प्रतियोगिताएं सिद्ध हो सकती हैं। उक्त बातें महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल ध ूसड़, गोरखपुर में राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में मुख्य वक्ता बी.एड. विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मृत्युजंय कुमार सिंह ने कही।

प्रतिभागियों को सम्बोधित करत हुए राजनीतिशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ही आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। विद्यार्थियों को ऐसे अवसरों को तलाशने और उसमें अपनी पूरी क्षमता लगाने की महती आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में डॉ. यशवन्त कुमार राव ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए आज के वर्तमान युग में चौमुखी अवसर अत्यन्त महत्वपूर्ण है। वर्तमान चुनौतियों से सामना करने के लिए युवा वर्ग को ऐसे अवसरों को स्वर्णिम साधन के रूप में लेना चाहिए जिसका सदुपयोग करके प्रगति एवं उन्नति के चरम सीमा तक पहुँचा जा सकता है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों के प्रति राजनीतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में 40 शोध पत्र विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें बी.ए. भाग–तीन की मनीषा सिंह ने प्रथम स्थान, बी.ए. भाग–दो की तनु कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. भाग–दो के अजरूद्दीन अली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष श्री प्रकाश प्रियदर्शी, बी.एड. विभाग के डॉ. गोविन्द वर्मा, डॉ. भूपेन्द्र गुप्ता, छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष किशन देव निषाद, पूर्व महामंत्री आशीष राय सहित राजनीतिशास्त्र विभाग के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

**(डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी)**

प्रभारी, सूचना एवं परामर्श